पत्र संख्या-स्था0-6-सामान्य-सामान्य निर्देश-132(भाग-3)/2024-25/ 4275 /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक: 06 दिसम्बर, 2024

1-समस्त संयुक्त आयुक्त(कार्यपालक), राज्य कर, उत्तर प्रदेश ।
2-समस्त उपायुक्त (प्रशासन), राज्य कर, उत्तर प्रदेश ।
3-समस्त सहायक आयुक्त(ए), राज्य कर, उत्तर प्रदेश ।

यू0पी0 राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन, उ0प्र0 द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायती पत्रों के निस्तारण हेतु शासन द्वारा जारी शासनादेशों व मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों का संज्ञान लिए बिना ही फर्जी शिकायती प्रकरण में नियम विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है, जिससे कर्मचारियों का उत्पीड़न हो रहा है । अत: शिकायती प्रकरण में शासन द्वारा जारी शासनादेशों एवं मुख्यालय द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार कार्यवाही की जाये ।

अवगत कराना है कि मुख्यालय के पत्र संख्या-स्था0-6-सामान्य-सामान्य निर्देश(132) भाग-2/2023-24/1036/वाणिज्य कर दिनांक-29.05.2023, पत्र संख्या-स्था0-6-सामान्य-सामान्य निर्देश(132) भाग-2/2022-23/885/वाणिज्य कर दिनांक-23.05.2022 एवं पत्र संख्या-स्था0-6-सामान्य-सामान्य निर्देश(132) भाग-2/2020-21/1123/वाणिज्य कर दिनांक-05.08.2020 द्वारा शासनादेश दिनांक-01.08.1997 तथा अपर मुख्य सचिव, महोदय के निर्देशानुसार शिकायती-पत्रों का नियमानुसार निस्तारण किये जाने हेतु निर्देश दिए गये हैं ।

उपर्युक्त निर्देशों के बावजूद कतिपय मामलों में बिना जांच कराये आधारहीन शिकायती-पत्रों पर संबंधित कार्मिक के विरुद्ध किये जा रहे उत्पीड़न की घटनाओं की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में लायी गयी है । यह कार्यशैली किसी भी प्रकार से उचित नहीं कही जा सकती है ।

अत: मुख्यालय के उपरोक्त पत्र दिनांक-29.05.2023, दिनांक-23.05.2022 व दिनांक-05.08.2020 में दिये गये निर्देशानुसार शिकायती-पत्रों का नियमानुसार निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ।

(सुनील कुमार वर्मा)
अपर आयुक्त(प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त ।
प्रतिलिपि:-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं तद्नुसार अनुपालन कराये जाने हेतु प्रेषित ।

1- समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश ।
2- अपर निदेशक, राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ ।
3- समस्त अनुभाग अधिकारी, राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ ।
4- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु ।
5- पटल प्रभारी स्था0-5क, 5ग, 4क, 4ख, 4ग, 4घ, 3क, 3ख, राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ ।
6- प्रांतीय अध्यक्ष/महामंत्री, यू0पी0 राज्य कर मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन, उ0प्र0 मण्डल कार्यालय लखनऊ/अमरोहा ।

अपर आयुक्त(प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

Budget Sahitya